JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2022/09/379–**प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक: 30.09.2022

जयपुर मेट्रो ने की मॉक ड्रिल।

जयपुर 30 सितम्बर। जयपुर मेट्रो ने यात्री सेवा के सुरक्षित संचालन हेतु, आपातस्थिति में मेट्रो स्टेशन परिसरों व टनल से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक मॉक ड्रिल का सफल आयोजन दिनांक 29.09.2022 को रात्रि 11.00 बजे किया। जयपुर मेट्रो के परिचालन एवं प्रणाली निदेशालय ने छोटी चौपड़ एवं बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशनों के मध्य टनल में ट्रेन में आग लग जाने की स्थिति बनाकर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने एवं आग बुझाने का अभ्यास किया।

इस मॉक ड्रिल अभ्यास में जयपुर मेट्रो के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ–साथ जयपुर मेट्रो पुलिस, जयपुर सिविल डिफेंस टीम, फायर विभाग एवं 108 एम्बुलेंस के कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो श्री कुंजीलाल मीना ने बताया कि मेट्रो की सुरक्षित एवं सुचारू संचालन व्यवस्था में आपातकालीन स्थिति में मेट्रो परिसर व टनल से यात्रियों के सुरक्षित निकास हेतु समय–समय पर इस प्रकार की मॉक ड्रिल (कृत्रिम अभ्यास) किये जाते है।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो